बरेली, मंगलवार
18 मार्च, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14+4=18

दैनिक जागरण

PAGE NO :IV MIDDLE

एमबीबीएस छात्रों ने सफेद कोट पहन कर ली चरक की शपथ

- एसआरएमएस मेडिकल कालेज में हुआ कार्यक्रम का आयोजन विजेताओं को दी ट्राफी
- समय का पालन और निर्णयों पर दृढ़ रहना ही बनाएगा श्रेष्ठ चिकित्सक : देव मूर्ति

जागरण संवाददाता, बरेली : एसआरएमएस मेडिकल कालेज में सोमवार को एमबीबीएस 2025 बैच के 200 विद्यार्थियों को चिकित्सकीय पेशे के प्रतीक सफेद कोट पहनाकर महर्षि चरक की शपथ दिलाई गई। 92 लड़कियों एवं 108 लड़कों ने प्राणियों के दुख दूर करने का संकल्प लिया। व्हाइट कोट सेरेमनी में प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डा. एमएस बुटोला ने शपथ दिलाई। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति ने टैलेंट हंट की विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को ट्राफी और सर्टिफिकेट प्रदान किए।

एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन ने कहा कि समय का पालन करना सभी के लिए जरूरी है, लेकिन मेडिकल के क्षेत्र में समय पालन से किसी भी मरीज की जान बच सकती है और एक मिनट की देरी जान ले भी सकती है। उन्होंने कहा कि 75 प्रतिशत या उससे ऊपर नंबर लाने वाले मेडिकल के सभी विद्यार्थी स्कालरशिप में शामिल हों। सभी को दो लाख रुपये और उससे ज्यादा की राशि स्कालरशिप मिलेगी। एसआरएमएस मेडिकल कालेज के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति ने नए विद्यार्थियों का स्वागत किया और कहा कि देश के 12 राज्यों से यहां आए विद्यार्थी एसआरएमएस परिवार के सदस्य हैं।

विद्यार्थियों को चिकित्सकीय पेशे के प्रतीक सफेद कोट को पहनाकर महर्षि चरक की शपथ दिलाते एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डा.एमएस बुटोला व चेयरमैन देव मूर्ति • सौ.संस्थान

प्रिंसिपल डा. बुटोला ने कहा कि इस पेशे का प्रतीक सफेद कोट अब आपकी स्किन से कम नहीं। इसके सम्मान के साथ इससे जुड़े सभी लोगों का सम्मान करें। डीन यूजी डा.बिंदु गर्ग ने आभार जताया। इस मौके पर डीन पीजी डा.रोहित शर्मा, डीएसडब्ल्यू डा.क्रांति कुमार, एसआरएमएस सीईटी के प्रिंसिपल डा.प्रभाकर गुप्ता, सीईटीआर के डीन डा.शैलेश सक्सेना, आइपीएस की प्रिंसिपल जसप्रीत कौर, नर्सिंग की प्रिंसिपल डा. मुथु महेश्वरी, मैट्रन संतोषी और सभी विभागाध्यक्ष मौजूद रहे। संचालन एमबीबीएस बैच 2023 की विद्यार्थी मोहोर बनर्जी और ईशान खोसला ने किया।